मध्य रेल

भुसावल मंडल

अंक 3

अप्रैल - जून 2012

# ताप्ती




## त्रैमासिक ई-सूचना पत्र

वेब साइट: http:/www.cr.indianrailways.gov.in/aboutus/divisions/bhusawal

# हमारे नये मंडल रेल प्रबंधक



## स्वागत

श्री महेश कुमार गुप्ता ने दिनांक 20.07.2012 को मध्य रेल के भुसावल मंडल पर मंडल रेल प्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है। आपने जुलाई 1981 में सार्वजनिक निर्माण विभाग (स्टेट पीडब्ल्यूडी) से अपना कैरियर शुरू किया था। आप भारतीय रेलवे इंजीनियरी सेवा के 1981 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं और जून 1983 में दक्षिण रेलवे से रेल सेवा शुरू की। आपको पश्चिम रेलवे तथा उत्तर पश्चिम रेलवे में सिविल इंजीनियरी एवं निर्माण संगठन के महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का गहन अनुभव है। आप अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) में कार्यकारी निदेशक / पुल एवं संरचना के पद पर भी कार्य किया है। आप पुलों एवं निर्माण की डिजाइन के विशेषज्ञ माने जाते हैं। आप 'ब्रिज इंजीनियर्स इंडिया संस्थान' के आजीवन सदस्य भी हैं।



(पूर्व मंरेप्र श्री हेमंत कटियार नये मंरेप्र का स्वागत करते हुए)



(नये मंरेप्र श्री महेश कुमार गुप्ता कार्यभार ग्रहण करते हुए)

राजभाषा परिवार अपने नये संरक्षक एवं मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष का हार्दिक स्वागत करता है।

# राजभाषा संबंधी गतिविधियां

## अप्रैल 2012

• मंडल के महत्वपूर्ण एवं बडे स्टेशनों पर गठित राजभाषा कार्यान्वयन समितियों अर्थात दिनांक 10.04.2012 को भुसावल स्टॆशन, दिनांक 17.04.2012 को बुरहानपुर स्टेशन और दिनांक 20.04.2012 को जलगांव स्टेशन समिति की बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा सदस्यों को हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी जानकारी दी गई तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई।इस माह में बुरहानपुर और जलगांव स्टेशन पर हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा निरीक्षण किया गया।

• रेलवे बोर्ड के तत्वावधान में मध्य रेल के भुसावल मंडल के सहयोग से क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान में दिनांक 24.04.2012 से 27.04.2012 तक आयोजित अखिल रेल हिंदी नाट्योत्सव-2011 में व्यवस्था संबंधी संपूर्ण समन्वय कार्य राजभाषा विभाग द्वारा किया गया।

## मई 2012

• माह के दौरान दिनांक 03.05.2012 को चालीसगांव, दिनांक 08.05.2012 को मुख्य यार्ड मास्टर, भुसावल, दिनांक 09.05.2012 को अकोला, दिनांक 11.05.2012 को नासिक रोड, दिनांक 16.05.2012 को शेगांव, दिनांक 22.05.2012 को खंडवा, दिनांक 23.05.2012 को मनमाड, दिनांक 25.05.2012 को मुर्तिजापुर और दिनांक 30.05.2012 को बडनेरा स्टॆशन राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकें आयोजित की गईं जिसमें राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा सभी सदस्यों को हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी जानकारी दी गई तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई।

• इस माह में राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा अकोला, शेगांव, और मनमाड स्टेशनों पर हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी निरीक्षण किए गए।

• बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा), भुसावल में स्थित महादेवी वर्मा हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय का राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा निरीक्षण किया गया।

• नांदगांव रेलवे इंस्टीट्यूट तथा रेलवे स्कूल भुसावल में स्थित हिंदी पुस्तकालयों में दिनांक 14.05.2012 को सुमित्रानंदन पंत तथा दिनांक 15.05.2012 को आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पाठक सदस्यों ने इन साहित्यकारों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा, पंत एवं द्विवेदी जी द्वारा रचित पुस्तकों की प्रदर्शनी भी हिंदी पुस्तकालयों में लगाई गई।

• बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा), भुसावल में तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के लिए 05 दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 22 कर्मचारियों ने भाग लिया। हिंदी कार्यशाला के समापन समारोह के अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री प्रदीप बारापात्रे द्वारा कार्यशाला में शामिल कर्मचारियों को प्रमाण पत्र तथा सहायक साहित्य के रूप में पॉकेट अंग्रेजी-हिंदी शब्दकोश प्रदान किए गए।



आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी
15 मई, 1864



सुमित्रानंदन पंत
20 मई, 1900



देवकीनंदन खत्री
29 जून, 1861

• जलगांव स्टेशन पर स्थित बाबू देवकीनंदन खत्री हिंदी पुस्तकालय में दिनांक 18.06.2012 को खत्री जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पाठक सदस्यों ने उनके बारे में अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा, उनके द्वारा रचित पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

• माननीय मंडल रेल प्रबंधक एवं मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष श्री हेमन्त कटियार की अध्यक्षता में मंडल समिति की बैठक दिनांक 21.06.2012 को आयोजित की गई जिसमें मंडल कार्यालय के सभी शाखा अधिकारी, स्टेशन समितियों के पदेन अध्यक्ष एवं स्टेशन प्रबंधक उपस्थित हुए। मंडल पर राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में माननीय मंडल रेल प्रबंधक द्वारा बहुमूल्य सुझाव दिए गए।

• मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 21.06.2012 को आयोजित बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री हेमन्त कटियार के कर-कमलों द्वारा त्रैमासिक ई-सूचना पत्र **'ताप्ती'** का लोकार्पण किया गया तथा उसे मध्य रेल की वेबसाइट पर अपलोड किया गया।






[बीटीसी (सतथामा) में हिंदी कार्यशाला के समापन के अवसर पर अपर मंरेप्र एवं अपर मुराधि प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए]

# मंडल पर विभागीय गतिविधियां

## यांत्रिक विभाग

• मंडल कार्यालय के यांत्रिक शाखा के तत्वावधान में बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा), भुसावल में दिनांक 07.04.2012 को 'आय एस ओ 9001: 2000'; दिनांक 21.04.2012 को 'एसटीआर परीक्षण एवं रोलिंग इन तथा रोलिंग आउट परीक्षण का महत्व' तथा दिनांक 28.04.2012 को 'कैस्नब ट्रोल्ली में निर्माण होने वाले दोष तथा रिपेयर' विषय पर तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी वक्ताओं द्वारा अपने आलेख हिंदी में प्रस्तुत किए गए। उक्त संगोष्ठियों में कुल 93 कर्मचारियों ने भाग लिया।

• मंडल कार्यालय के यांत्रिक शाखा के तत्वावधान में बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा), भुसावल में दिनांक 05.05.2012 को 'ड्राफ्ट गियर की विस्तृत जानकारी'; दिनांक 12.05.2012 को 'दुर्घटना की जाँच-पडताल'; दिनांक 17.05.2012 को 'सवारी तथा मालडिब्बा पर्यवेक्षकों को संबोधन तथा ड्यूटी के दौरान पालन किए जाने वले अनुदेश'; दिनांक 19.05.2012 को 'अल्ट्रासोनिक द्वारा एक्सल की जाँच-पडताल' तथा दिनांक 26.05.2012 को 'ब्रेक पॉवर कैलकुलेशन' विषय पर तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन किया गया जिसमें क्रमश: श्री हर्षल जी. पाटिल, जूनियर इंजीनियर/ एअर ब्रेक डिपो, श्री के. दिवाकर, वरिष्ठ अनुदेशक/ बु.प्र.कें., श्री पी. ए. लामघरे, सीआरएसई (फ्रेट)/ मुंबई, श्री सी. एस. राणे, सीएमएस/ एअर ब्रेक डिपो आदि वक्ताओं द्वारा अपने आलेख हिंदी में प्रस्तुत किए गए। उक्त संगोष्ठियों में कुल 182 कर्मचारियों ने भाग लिया।

• मंडल कार्यालय के यांत्रिक शाखा के तत्वावधान में बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा), भुसावल में दिनांक 02.06.2012 को 'एअर ब्रेक स्टॉक में मॉडिफिकेशन'; दिनांक 09.06.2012 को 'एम्प्टी लोड बॉक्स तथा एलएसडी की कार्यप्रणाली'; दिनांक 13.06.2012 को 'सीटीआरबी के मरम्मत संबंधी'; दिनांक 16.06.2012 को 'सीटीआरबी की विस्तृत जानकारी'; दिनांक 23.06.2012 को 'कोच में लगेगी बायो टॉयलेट की विस्तृत जानकारी' तथा दिनांक 30.06.2012 को 'बीओएक्स एनएचएल वैगन में लगे ब्रेक बीम माउंटेड ब्रेक सिस्टम की जानकारी' विषय पर तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन किया गया जिसमें श्री एन. एल. गुप्ता, कनिष्ठ अनुदेशक / बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र, श्री हर्षल जी. पाटिल, जूनियर इंजीनियर / एअर ब्रेक डिपो, श्री पराग किशोर पाटील, अप्रेंटिस जूनियर इंजीनियर/ बु.प्र.कें., श्री वीरेंद्र कुमार गुप्ता, सेक्शन इंजीनियर / को.के.से. / भुसावल तथा श्री चंदन सरकार, मुख्य अनुदेशक / बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा), भुसावल आदि वक्ताओं द्वारा अपने आलेख हिंदी में प्रस्तुत किए गए। उक्त संगोष्ठियों में 356 कर्मचारियों ने भाग लिया।

# संरक्षा विभाग

• एटीटीएस, भुसावल में दिनांक 13.04.2012 को संरक्षा सलाहकार (यातायात) की अध्यक्षता में 'लोड स्टेबल करने की सही प्रक्रिया, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, हॉट एक्सल के लक्षण और फाटक संचालन नियम' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 19 कर्मचारी उपस्थित थे।

• गुडस लॉबी, भुसावल में दिनांक 18.04.2012 संरक्षा सलाहकार (लोको) की अध्यक्षता में 'फ्रेट शेड / पैसेंजर शेड में प्रवेश और क्लियर करते समय हैंड प्वाइंटों में कॉटर बोल्ट लगाना सुनिश्चित करना, सहायक नियम 5.23-3 के अनुसार बिना सुरक्षा के लोको किसी भी परिस्थिति में अनमैन्ड नहीं छोडना, यदि झटके महसूस होने के मामले में सहायक नियम 6.07-1 के अनुसार कार्रवाई करना' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 32 कर्मचारी उपस्थित थे।

• बीटीसी (सतथामा), भुसावल में दिनांक 21.04.2012 को वरिष्ठ अनुदेशक की अध्यक्षता में 'थ्रू जाने वाली गाडियों का एसटीआर परीक्षण' और 'रोलिंग-इन तथा रोलिंग-आउट परीक्षण का महत्व' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 19 कर्मचारी उपस्थित थे।

• डीटीसी(टीआरओ), भुसावल में दिनांक 26.04.2012 को संरक्षा सलाहकार (लोको) की अध्यक्षता में 'सिगनलों का कॉलिंग आउट करते समय सहायक नियम 4.40-1 में उल्लिखित कार्यविधि अपनाना, सहायक नियम 5.23-3 के अनुसार बिना सुरक्षा के लोको किसी भी परिस्थिति में अनमैन्ड नहीं छोडना, झटके महसूस होने के मामले में सहायक नियम 6.07-1 के अनुसार कार्रवाई करना और कोच/वैगन पास करते समय सावधानियां बरतना' आदि विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 10 कर्मचारी उपस्थित थे।

• डीटीसी (इंजीनियरी), भुसावल में दिनांक 27.04.2012 को संरक्षा सलाहकार (इंजीनियरी) की अध्यक्षता में 'ट्रक पर कार्य करते समय बरती जाने वाली संरक्षा' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 28 कर्मचारी उपस्थित थे।

• खंडवा स्टेशन पर दिनांक 27.04.2012 को संरक्षा सलाहकार (सि.एवं दू.) की अध्यक्षता में 'सिगनल एवं दूरसंचार संबंधी फेल्युअर अटेंड करने से पहले फेल्युअर मेमो प्राप्त किया जाए और किसी शॉर्ट-कट पद्धति को न अपनाने तथा रिले रूम चाबी जारी करने के बारे में मुख्यालय द्वारा हाल ही में जारी किए गए मार्गदर्शी सिद्धांत' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 40 कर्मचारी उपस्थित थे।

• नासिक रोड, ओएचई में दिनांक 30.04.2012 को संरक्षा सलाहकार (टीआरडी) की अध्यक्षता में 'ओएचई अनुरक्षण कार्य करते समय बरती जाने वाली संरक्षा' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 16 कर्मचारी उपस्थित थे।

• डीटीसी (इंजीनियरी), भुसावल में दिनांक 07.05.2012 को संरक्षा सलाहकार (इंजीनियरी)

की अध्यक्षता में 'ट्रक पर कार्य करते समय बरती जाने वाली संरक्षा और फाटक संचालन नियम' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 14 कर्मचारी उपस्थित थे।

• भुसावल यार्ड में दिनांक 08.05.2012 को संरक्षा सलाहकार (लोको) की अध्यक्षता में 'लोड स्टेबल करने की सही प्रक्रिया और शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 15 कर्मचारी उपस्थित थे।

• भुसावल यार्ड में दिनांक 23.05.2012 को संरक्षा सलाहकार (टीएफसी) की अध्यक्षता में 'ओएचई अनुरक्षण कार्य करते समय संरक्षित कार्य करना और लोड को लोको से जोडते समय लोको 20 मीटर की दूरी के पहले अवश्य खडा करना' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 16 कर्मचारी उपस्थित थे।

• एटीटीएस / भुसावल में दिनांक 29.05.2012 को संरक्षा सलाहकार (सि.एवं दू.) की अध्यक्षता में 'फेसिंग और ट्रेलिंग प्वाइंटों के संबंध में पॉइंटमैन के कर्तव्य तथा रिले रुम चाबी जारी करने के बारे में मुख्यालय द्वारा हाल ही में जारी किए गए मार्गदर्शी सिद्धांत' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 40 कर्मचारी उपस्थित थे।

• बीटीसी (सतथामा), भुसावल में दिनांक 30.05.2012 को संरक्षा सलाहकार (सतथामा) की अध्यक्षता में 'हॉट एक्सल की रोकथाम, गाडी अलग होने की रोकथाम और ब्रेक बाइडिंग के कारण और उपाय' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 15 कर्मचारी उपस्थित थे।

• नांदगांव स्टेशन पर दिनांक 09.06.2012 को संरक्षा सलाहकार (यातायात) की अध्यक्षता में 'लोड स्टेबल करने की सही प्रक्रिया और शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, हॉट एक्सल के लक्षण, फाटक संचालन नियम, ट्रैक पर सुरक्षित संचालन और थ्रू जाने वाली गाडियों में में अनियमितताओं का अवलोकन करना' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 30 कर्मचारी उपस्थित थे।

• सावदा स्टेशन पर दिनांक 12.05.2012 को संरक्षा सलाहकार (सि.एवं दू.) की अध्यक्षता में 'सिगनल एवं दूरसंचार संबंधी फेल्युअर अटेंड करने से पहले फेल्युअर मेमो प्राप्त करना और किसी शॉर्ट-कट पद्धति को न अपनाना तथा सिगनल व दूरसंचार गियरों का अनुरक्षण' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 09 कर्मचारी उपस्थित थे।

• डीटीसी (इंजीनियरी), भुसावल में दिनांक 12.05.2012 को संरक्षा सलाहकार (इंजीनियरी) की अध्यक्षता में 'ट्रैक पर सुरक्षित संचालन, फाटक संचालन नियम और थ्रू जाने वाली गाडियों में अनियमितताओं का अवलोकन करना' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 08 कर्मचारी उपस्थित थे।

• डीटीसी (टीआरओ), भुसावल में दिनांक 15.05.2012 को संरक्षा सलाहकार (लोको) की अध्यक्षता में 'लोको स्टेबल करने की सही प्रक्रिया और शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 10 कर्मचारी उपस्थित थे।

# कार्मिक विभाग

• **शैक्षिक भत्ता :** मंडल पर शैक्षिक भत्ते के लिए प्राप्त अवेदनों की केंद्रीकृत डीलिंग माह अप्रैल 2012 से शुरु की गई।

• **भारत रत्न डॉ. बी. आर. आंबेडकर की 121वीं जयंती :** भारत रत्न डॉ. बी. आर. आंबेडकर की 121वीं जयंती मंडल कार्यालय में दि. 14.04.2012 को 11.00 बजे मनाई गई। श्री हेमन्त कटियार, मंडल रेल प्रबंधक, भुसावल ने डॉ. बी. आर. आंबेडकर की प्रतिमा को माल्यार्पण किया और स्काउट द्वारा वंदना प्रस्तुत करते हुए मोमबत्ती प्रज्ज्वलित की गई।

• **रेल सप्ताह समारोह - 2012 :** 57वां रेल सप्ताह समारोह - 2012 दिनांक 16.04.2012 को कृष्णचंद्र सभागृह में आयोजित किया गया। इस समारोह में मंडल रेल प्रबंधक, अपर मंडल रेल प्रबंधक और अध्यक्षा / उपाध्याक्षा महिला समाज सेवा समिति का वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा स्वागत किया गया। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, अपर मंडल रेल प्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक ने वर्ष के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यनिष्पादन एवं मंडल की उपलब्धियां के बारे में सभी उपस्थित रेलकर्मियों को बताया। सांस्कृतिक अकादमी के सदस्यों ने नृत्य और गीतों का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा 560 कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

• एईईई एलडीसी कोटा के लिए दिनांक 31.03.2012 और 07.04.2012 को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें कुल 250 कर्मचारियों को लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित किया गया था। इस परीक्षा में 183 कर्मचारी उपस्थित थे। यह परीक्षा सुचारु रूप से संपन्न की गई।

• मृत्यु के मामले में निपटारा के लिए एकल खिडकी प्रणाली का प्रारंभ मई 2012 को किया गया। इस प्रणाली द्वारा पीडित कर्मचारी के आश्रितों / विधवाओं को निपटारे राशि का देय और अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के मामलों की कार्रवाई करने हेतु दो कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक क्रमश: श्री एस.पी.इंगले और श्री संजय परदेसी को नामित किया गया।

• **आतंकवाद विरोध दिवस:** मुख्यालय के निदेशानुसार मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, भुसावल में दिनांक 21.05.2012 को 11.00 बजे आतंकवाद विरोध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर माननीय मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इसी तरह, सभी स्टेशनों / डिपो में भी इसी दिन डिपो प्रभारियों द्वारा अधीनस्थ कर्मचारियों को आतंकवाद के विरोध में शपथ दिलाई गई।

• मंडल पर दिनांक 06.05.2012 को आरआरसी मुंबई की लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 2853 उम्मीदवार उपस्थित थे और दिनांक 26.05.2012 को समूह ‘घ’ से समूह ‘ग’ के लिए विभागीय कोटे से टिकट परीक्षक पद के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 488 उम्मीदवार उपस्थित थे।

**• छुट्टी रिकार्ड - अद्यतन एवं सत्यापन** माह मई के दौरान मंडल पर कार्यरत कर्मचारियों के छुट्टी लेखे के अद्यतन और सत्यापन के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में 498 छुट्टी लेखा खातों की जांच की गई तथा अधिदेय भुगतान रु.1,14,998/- की राशि वसूल की गई।

• दिनांक 15.06.2012 को पेंशन अदालत 2012 (I) का आयोजन कृष्णचंद्र सभागृह, भुसावल में किया गया जिसमें 51 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इनमें से 23 मामले भुगतान से संबंधित थे। कुल 24 मामलों को अंतिम रूप दिया गया और 04 मामले विचाराधीन हैं।

• मंडल पर दिनांक 03.06.2012, 10.06.2012 और 24.06.2012 को आरआरसी मुंबई की लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 18105 उम्मीदवार उपस्थित थे। इस परीक्षा का आयोजन सुचारू रूप से किया गया।

**• कर्मचारी शिकायत निवारण शिविर** मंडल पर विद्युत शेड, स्टेशन प्रबंधक कार्यालय भुसावल और स्टेशन प्रबंधक कार्यालय बडनेरा में क्रमश: दिनांक 25.06.2012, 27.06.2012 और 28.06.2012 को कर्मचारी शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 47 शिकायतें प्राप्त हुई। इन्हें संबंधित मुख्य कार्यालय अधीक्षक / कार्मिक को शीघ्र निपटारे के लिए दिया गया।

# वित्त विभाग

• मंडल के वाणिज्य शाखा के अर्जन ठेके के मदों पर दि.17.04.2012 से 18.04.2012 तक की अवधि में निवारक जांच की गई और यह देखा गया कि मंडल पर सम्बद्ध वित्त विभाग द्वारा अर्जन ठेके के करारों का सत्यापन किया गया है। इसी तरह, स्टेशनों के ‘पे एन्ड पार्क’ और ‘पे एन्ड यूज’ ठेकों का नमूना परीक्षण किया गया तथा यह देखा गया कि सभी ठेकों की सुरक्षा जमा राशि एफडीआर / बीजी के रूप में पार्टियों द्वारा जमा की गई है एवं नियमानुसार सही है।

• सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ / मेन लाइन) और सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ / यार्ड), भुसावल के कार्यालय में ऋण तथा अग्रिम राशि के भुगतान के संबंध में आकस्मिक जांच की गई जिसमें कई अनियमितताएं पाई गईं। अनियमितताओं को ठीक कराने बारे में आवश्यक कार्यवाही की गई।

• माह अप्रैल से जून, 2012 की अवधि के दौरान मंडल के कर्मचारियों और बाहरी व्यक्तियों के दावों के भुगतान की लेखा विभाग में आंतरिक जांच की गई जिसके फलस्वरूप रुपए 353244/- की बचत हुई है।

• माह अप्रैल से जून, 2012 की अवधि के दौरान लेखा विभाग में प्राप्त प्रस्तावों तथा प्राक्कलनों की वित्तीय जांच के फलस्वरूप कुल रुपए 1375422/- की बचत हुई है।

# विद्युत विभाग (सामान्य)

• रेलवे अस्पताल, भुसावल में 06 खिडकी वाले एअर कंडीशनरों की जगह पर ऊर्जा बचत करने वाले थ्री स्टार श्रेणी के अलग-अलग एअर कंडीशनरों को लगाया गया।

• एससी / एसटी एसोसिएशन कंपाउंड कार्यालय, अकोला में 92 मीटर हेड पर 68,400 एलएचपी डिस्चार्ज वाले 10 एचपी का एक सबमर्सिबल पंप सेट लगाया गया।

• ताप्ती पंप हाउस, भुसावल के पुराने ऊर्ध्व टर्बाइन पंप के स्थान पर 50 मीटर हेड पर 900 घन मीटर / प्रति घंटा क्षमता वाला नया 250 एचपी का ऊर्ध्व टर्बाइन पंप लगाया गया।

• भिन्न-भिन्न क्षमता वाले कुल 04 (मनमाड में 02, बोदवड में 01 एवं मलकापुर में 01) नए सबमर्सिबल पंप लगाए गए जिससे पानी की समस्या का निवारण हो गया।

• माह अप्रैल से जून, 2012 की अवधि के दौरान पॉवर फैक्टर एवं नाइट कंजम्शन मैडम में एमएसईडीसीएल और एमपीपीकेवीवी से बिजली के बिल में 50,59,157/- रुपये की छूट प्राप्त करके रेल राजस्व की बचत की गई।

• माह अप्रैल से जून, 2012 की अवधि के दौरान एचटी ऊर्जा खपत का बिल प्राप्त होने के बाद एक सप्ताह के भीतर बिल का भुगतान करने पर एमएसईडीसीएल द्वारा प्रत्येक माह में 1% की छूट का प्रस्ताव दिया गया था। मंडल द्वारा एक सप्ताह के भीतर बिल का भुगतान किए जाने से एचटी ऊर्जा खपत पर कुल 6,62,477/- रुपये की छूट प्राप्त करके रेल राजस्व की बचत की गई।

• वर्ष 2009 में दो अलग-अलग रेलों के पॉवर कार में भुसावल मंडल द्वारा हाई स्पीड डीजल भरा गया था और उन रेलों द्वारा हाई स्पीड डीजल का डेबिट भरा जाना था। मंडल द्वारा लगातार संपर्क करके उन रेलों से रु. 5,06,00,000/- की राशि वसूल की गई।

• माह अप्रैल से जून, 2012 की अवधि के दौरान भुसावल मंडल से होकर गुजरने वाली गाडियों के कुल 84 वातानुकूलित डिब्बों को बिना विलंब के नियत समय में दुरुस्त किया गया। इसी तरह, स्लीपर / जनरल के कुल 805 डिब्बों में लाइट नहीं जल रही थी। नियत समय में प्रकाशव्यवस्था ठीक करके गाडी आगे रवाना की गई।

• इंजीनियरी विभाग द्वारा स्वास्थ्य केंद्र भुसावल को गार्ड एवं ड्राइवर रनिंग रूम में परिवर्तित किया गया। अत: नए सिरे से इस नवनिर्मित रनिंग रूम में विद्युतीकरण का कार्य पूरा किया गया, ऊर्जा बचत फिटिंग लगाई गई तथा आवश्यकतानुसार पंखे लगाए गए।

---

**उठो, जागो और तब तक रुको नहीं जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाये।**

स्वामी विवेकानंद

## विद्युत कर्षण वितरण (टीडी)

• 9-टन इंसुलेटरों की टेस्टिंग तारीख स्पष्ट न होने के कारण उनके बदले में परीक्षण किए गए नये 9-टन इंसुलेटर लगाए गए। इस तरह से, माह अप्रैल से जून की अवधि के दौरान मंडल पर कुल 65 नग 9-टन इंसुलेटर बदले गए।

• नलिकाकार रोक भुज (ट्यूबुलर स्टडी आर्म) के बदले बीएफबी किस्म के रोक भुज का प्रावधान किया गया। माह अप्रैल से जून की अवधि के दौरान मंडल पर कुल 125 नग बीएफबी किस्म के रोक भुज लगाए गए।

## विद्युत कर्षण परिचालन (टीआरओ)

• माह अप्रैल से जून की अवधि के दौरान मंडल पर 177 मेल / एक्सप्रेस गाडियों के समयपालन की कमी को पूरा कराने के लिए मुंबई मंडल द्वारा संदेश प्राप्त हुआ। प्राप्त संदेश के अनुसार 177 में से 130 मेल / एक्सप्रेस गाडियों का समयपालन पूरा कराया गया। इसी तरह, 46 मेल / एक्सप्रेस गाडियों के समयपालन की कमी को पूरा कराने के लिए नागपुर मंडल द्वारा संदेश प्राप्त हुआ। प्राप्त संदेश के अनुसार 46 में से 24 मेल / एक्सप्रेस गाडियों का समयपालन पूरा कराया गया। इसी तरह, 02 मेल / एक्सप्रेस गाडियों के समयपालन की कमी को पूरा कराने के लिए भोपाल मंडल द्वारा संदेश प्राप्त हुआ। प्राप्त संदेश के अनुसार उन दोनों गाडियों का समयपालन पूरा कराया गया।

• ट्रिप शेड इगतपुरी में दिनांक 27.05.2012 को गाडी नंबर 12812 के लोको नं. 22641 की जांच के दौरान श्री अंबादास अचपाले, ट्रेनी तकनीशियन ने टीएम-5 सी/ई बेयरिंग कवर पर उभार देखा। बेयरिंग कवर खोलने पर यहाँ पाया कि बेयरिंग लॉक प्लेट के सभी बोल्ट खुले हुए थे। दोषनिवारण की इनकी कुशलता एवं तत्परता के गुण के कारण सैक्शन में व्हील लॉक होने की घटना टाली जा सकी।

• श्री सी.पी.एस. यादव, सहायक लोको पायलट, भुसावल इगतपुरी सेक्शन में दि. 30.05.2012 को गाडी नं. 12166 अप के इंजन नं. 21315 पर ड्यूटी कर रहे थे। यह गाडी नांदगांव स्टेशन पर रुकी। श्री यादव ने इंजन की जाँच करते समय यह देखा कि एसएल से जलने की गंध आ रही है। उन्होंने तत्काल सीएलआई को सूचित किया जो साथ में ही फूटप्लेट निरीक्षण कर रहे थे। सीएलआई ने टीएलसी को इसकी जानकारी दी और इस इंजन को मनमाड में गाडी से हटा लिया गया और दूसरा इंजन जोडा गया। श्री यादव की इस सतर्कता के कारण इंजन विफलता की घटना को टाला जा सका।

---

**ज्ञानी जन विवेक से सीखते हैं, साधारण मनुष्य अनुभव से, अज्ञानी पुरुष आवश्यकता से और पशु स्वभाव से।**

कौटिल्य

# विद्युत कर्षण चल स्टॉक (टीआरएस)



ट्राली

परीक्षण कक्ष में उपकरणों की सामग्री को उठाने-रखने की सुविधा नहीं थी। शेड द्वारा ईएमसी और ईपीसी के परिवहन के लिए एक ट्राली का निर्माण किया गया। इस ट्राली की सहायता से तैयार हुए ईएमसी को मेजर शेड्यूल इंजन तक बिना किसी क्षति के परिवहन किया जा सकता है। इस तरह से उपकरणों की विश्वसनीयता को सुधारने तथा पारगमन क्षति एवं समय बचाने में मदद होगी।



वार्निशिंग उपकरण

पहले पेंटिंग ब्रश के द्वारा स्टेटर पर वार्निशिंग की जाती थी, परंतु यह इतना परिणामकारक नहीं था क्योंकि वार्निश स्टेटर वाइंडिंग की जगह तक पहुँच नहीं पाता था। परिणामत: ऑक्जिलरी मोटर के स्टेटर अधिक फेल्योर होते थे। इन विफलताओं को रोकने के लिए इस शेड द्वारा एअर प्रेशर का उपयोग करके एक वार्निशिंग उपकरण को विकसित किया गया। यह उपकरण प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है तथा भविष्य में इसके परिणाम के किए ध्यान दिया जा रहा है।

• एसी लोकोमोटिव में नई प्रौद्योगिकी आने के कारण लोकोमोटिव में ट्राईप्लेट पैनल लगाए जा रहे हैं। भुसावल आधारित लोकोमोटिव में कुल 52 ट्राईप्लेट पैनल लगाए जा चुके हैं। लोकोमोटिव के ट्राईप्लेट पैनल में उपयोग होने वाले विभिन्न न्यूमैटिक वाल्व को जाँचने के लिए कोई भी सुविधा नहीं थी। शेड द्वारा जाँच बेंच को विकसित किया गया है जिससे निम्नलिखित ट्राईप्लेट पैनल वाल्व की जाँच की जा सकती है :-

---

**अशिक्षित रहने से पैदा न होना अच्छा है, क्योंकि अज्ञान सब बुराइयों का मूल है।**

**नेपोलियन बोनापार्ट**

1. इलेक्ट्रो न्यूमैटिक वाल्व, जैसे - एमवी-4, वीईएफ, वीईएडी, आईपी इत्यादि।

2. बढते आधार वाले वाल्व, जैसे – एअरफ्लो वाल्व, आर-6 वाल्व, सी2एन फीड वाल्व, डबल चेक वाल्व, ई3 इमरजेंसी वाल्व इत्यादि।






ट्राइप्लेट पैनल

• ओवरहॉल के बाद एम.पी.एच. की कार्यप्रणाली जाँचने हेतु शेड में एम.पी.एच. की जाँच बेंच उपलब्ध थी, परंतु एम.पी.एच. के जोड से रिसाव जाँच करने की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। शेड द्वारा जाँच बेंच में प्रावधान कर इनलेट में 4 के.जी. हवा का दबाव देकर एम.पी.एच. के जोड एवं टर्मिनल बॉक्स से रिसाव का पता किया जा सकता है।



जाँच बेंच



तकनीकी गैलरी

• बॉडी रिपेयर विभाग द्वारा तकनीकी गैलरी का निर्माण किया गया जिसमें विफल उपकरण जैसे कि रूफ बार, स्क्रू कपलिंग, पैंटोग्राफ के पुर्जे इत्यादि रखे गए। यह गैलरी शेड स्टाफ को विफल उपकरण के बारे में शिक्षित करने हेतु बहुत उपयुक्त है। यह गैलरी स्टाफ को शिक्षित ही नहीं करती अपितु अच्छे अनुरक्षण प्रथा के बारे में मन में बिठाती है एवं स्टाफ को अच्छे कार्य करने हेतु उत्साहवर्धन भी करती है।

• न्यूमैटिक वाल्व को साफ करने के लिए न्यूमैटिक विभाग में टेबल का निर्माण किया गया जिसमें वाल्व की सफाई, हवा का दबाव एवं केरोसीन का उपयोग होता है। न्यूमैटिक वाल्व की सफाई के दौरान इस्तेमाल किया हुआ केरोसीन कैन में अपने आप इकट्ठा होता रहता है। इसे पुन: उपयोग में लाया जा सकता है तथा इससे आग से होने वाली दुर्घटना को भी रोका जा सकता है।



न्यूमैटिक वाल्व की सफाई के लिए टेबल

## इंजीनियरिंग विभाग

• मंडल प्रशिक्षण केंद्र भुसावल में दि.13.04.2012 को 'पुशट्राली / लारी का संचलन' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 11 अधिकारी और 55 सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ) उपस्थित थे।

• मंडल प्रशिक्षण केंद्र भुसावल में दि.27.04.2012 को 'ग्रीष्मकालीन पूर्वोपाय' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 01 अधिकारी और 10 सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ) उपस्थित थे।

• माह अप्रैल से जून, 2012 में 3.20 किमी टीडब्ल्यूआर कार्य किया गया।

• माह अप्रैल से जून, 2012 में 16 टर्नआउटों की बीसीएम द्वारा और 31 टर्नआउटों की मानव बल द्वारा गहरी छनाई (डीप स्क्रीनिंग) की गई।

• माह अप्रैल से जून, 2012 के दौरान में कुल 10.463 किमी टीएफआर कार्य किया गया।

• माह जून 2012 के दौरान कुल 02 पुलियों (पुलिया क्रमांक 385/2 इगतपुरी - भुसावल खंड तथा पुलिया क्रमांक 590/3 भुसावल - बडनेरा खंड) को पुनर्स्थापित किया गया।

## सिगनल एवं दूरसंचार विभाग




• माह अप्रैल से जून 2012 की अवधि के दौरान मंडल परबिजली की बचत करने और सिगनलों का लंबा जीवन काल सुनिश्चित करने हेतु कुल 487 स्थानों पर एलईडी आधारित सिगनल लैम्पों की व्यवस्था की गई।



• माह अप्रैल से जून 2012 की अवधि के दौरान मंडल पर यूजी सिगनलिंग केबल की स्थिति और उसकी दशा पर निगरानी रखने हेतु कुल 83 स्थानों पर अर्थ लीकेज डिटेक्टर (ईएलडी) लगाए गए।

## सुरक्षा विभाग

• मुख्यालय के निर्देशानुसार माह अप्रैल से जून की अवधि के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के विरूद्ध रेल सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 934 यात्री पकड़े गए और जुर्माने के तौर पर उनसे 182607/- रुपए वसूल किए गए।

• माह अप्रैल से जून की अवधि के दौरान भुसावल मंडल में रेल सुरक्षा बल विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवधि के दौरान स्टेशनों पर गंदगी फैलाने वाले कुल 469 व्यक्तियों को रेल अधिनियम की धारा 145 व 145 (ख) के तहत गिरफ्तार किया गया और न्यायालयी कार्यवाही के अंतर्गत जुर्माने के तौर पर उनसे 49900/- रुपये वसूल किए गए।

• माह अप्रैल से जून की अवधि के दौरान भुसावल मंडल में रेल सुरक्षा बल विभाग द्वारा तंबाकू अधिनियम चलाया गया। इस अवधि के दौरान तंबाकू अधिनियम के तहत कुल 197 व्यक्तियों को पकडा गया और कार्यवाही के फलस्वरूप जुर्माने के तौर पर उनसे 20500/- रूपए वसूल किए गए।

• माह मई 2012 के दौरान चलाए गए विशेष अभियान के तहत महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों में अनधिकृत रूप से यात्रा करने वाले कुल 223 पुरूष यात्रियों को रेल अधिनियम की धारा 162 के अंतर्गत गिरफ्तार करके न्यायालय में अभियोजित कर दंडित किया गया।

## चिकित्सा विभाग

### पल्स पोलिओ अभियान

भुसावल मंडल पर दिनांक 15.04.2012 से 20.04.2012 तक की अवधि में पल्स पोलिओ अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान रेल कर्मचारियों के 897 बच्चों और 8030 बाहरी बच्चों को अर्थात कुल 8927 बच्चों को पोलिओ उन्मूलन की खुराक (ड्रॉप) पिलाई गई।

• मनमाड में दि. 17.06.2012 से 22.06.2012 तक पल्स पोलिओ अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान रेल कर्मचारियों के 278 बच्चों और 402 स्थानीय बच्चों को अर्थात कुल 680 बच्चों को पोलिओ उन्मूलन की खुराक (ड्रॉप) पिलाई गई।

### स्वास्थ्य जांच शिविर

• मध्य रेल चिकित्सालय भुसावल के डॉ. संजय कुलकुर्णी, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, डॉ. हर्षवर्धन शिरसाठ, सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी और डॉ. सुवर्णा गडेकर, सीएमपी द्वारा दि.19.4.2012 को चालीसगांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 51 रेल कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।






• मध्य रेल चिकित्सालय भुसावल द्वारा दि.09.05.2012 को महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच के लिए 'कैंसर निदान शिविर' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. शुभा वजलवार, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, भायखला; डॉ. स्वाधीन मोहंती, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, भायखला तथा सुवर्णा गडेकर, सीएमपी, भुसावल द्वारा कुल 60 महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच की गई।

## परिचालन विभाग

• **खंड नियंत्रक के लिए रोड और सेक्शन लर्निंग** : सेक्शन अर्थात स्टेशनों की भौगोलिक स्थिति, सेक्शन के उतार-चढाव, आईबीएच सिगनलों का स्थान और लागू किए गए स्थायी गति प्रतिबंधों की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से सेक्शन नियंत्रकों को सभी कंट्रोल बोर्डों की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया ताकि दैनिक गाडी संचालन के बारे में उन्हें मदद मिल सके।

• **जंक्शन केबिन** : बडनेरा – नरखेड लाइन को बडनेरा – अमरावती से जोडने के लिए बडनेरा – अमरावती के बीच दिनांक 05.06.2012 को बडनेरा जंक्शन केबिन का शुभारंभ किया गया।

• **प्रारंभिक लदान** : माह अप्रैल से जून की अवधि के दौरान मंडल पर कुल 1.30 मिलियन टन प्रारंभिक लदान किया गया।

• **औसत प्रारंभिक लदान** : माह अप्रैल से जून की अवधि के दौरान मंडल पर कुल 759.9 वैगन प्रतिदिन का औसत प्रारंभिक लदान किया गया।

• **प्रारंभिक माल अर्जन** : माह अप्रैल से जून की अवधि के दौरान मंडल पर कुल 113.66 करोड रुपये का प्रारंभिक माल अर्जन किया गया।

• **पीओएल लदान** : माह अप्रैल से जून की अवधि के दौरान मंडल पर कुल 365.5 वैगन प्रतिदिन पीओएल लदान किया गया।

---

**अगर संसार में तीन करोड़ ईसा, मुहम्मद, बुद्ध या राम जन्म लें तो भी तुम्हारा उद्धार नहीं हो सकता जब तक तुम स्वयं अपने अज्ञान को दूर करने के लिए कटिबद्ध नहीं होते, तब तक तुम्हारा कोई उद्धार नहीं कर सकता, इसलिए दूसरों का भरोसा मत करो।**

**स्वामी रामतीर्थ**

# वाणिज्य विभाग

• माननीय महाप्रबंधक, मध्य रेल श्री सुबोध कुमार जैन द्वारा दिनांक 19.05.2012 को नासिक रोड स्टेशन का निरीक्षण किया गया।

• मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 148वीं बैठक का आयोजन दिनांक 15.05.2012 को मंडल रेल प्रबंधक सभागृह, भुसावल में किया गया।

• माह मई 2012 के दौरान मंडल द्वारा **क्रैक टीम ड्राइव** चलाया गया जिसमे6 40 व्यक्तियों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकडा गया और जुर्माने के तौर पर उनसे रु. 95463/- वसूल किए गए।

• मंडल के मुख्य टिकट निरीक्षक तथा एटीएस स्क्वाड द्वारा दिनांक 25.05.2012 को बुलढाना स्टेशन पर एक विशेष जाँच कार्रवाई की गई जिसमें एक व्यक्ति को रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत अभियोजित किया गया।

• मंडल के मनमाड स्टेशन पर दिनांक 22.06.2012 को रेल अभिसमय समिति (रेलवे कन्वेन्शन कमिटी) का आगमन हुआ।

• यात्रियों को सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से **आषाढी एकादशी मेला 2012** के अवसर पर दिनांक 24.06.2012 से 28.06.2012 तक अमरावती / खामगांव से पंढरपुर के लिए प्रतिदिन एक गाडी चलाई गई जिससे 13863 भक्तों ने तीर्थयात्रा करने का लाभ लिया और रेलवे को कुल रु. 14,98,840/- की अतिरिक्त आमदनी हुई।

• माह अप्रैल से जून की अवधि के दौरान मंडल पर कुल प्रारंभिक अर्जन 232.46/- करोड रुपये, सकल अर्जन 234.40/- करोड रुपये, टिकट जाँच अर्जन रु. 4.16/- करोड रुपये तथा प्रचार अर्जन 0.24/- करोड रुपये रहा।

---

**“ भारत में अनेक प्रकार के लोग रहते हैं। उनमें एकता भी है, लेकिन अनेकता बहुत है। आप असम से दक्षिण में कन्याकुमारी तक जाइए। आप कितना फर्क पाएंगे भाषा में, खाने-पीने में, कपडे-लत्ते पहनने में और सब बातों में। उसी के साथ आप संस्कृति की एक ज़बरदस्त पक्की एकता भी पाएंगे जो प्राचीन समय से चली आती है। भारत की जो असली संस्कृति है, वह दिमाग की है, या कहिए, मन की है, आध्यात्मिक है।“**

**पंडित जवाहर लाल नेहरू**

# पुरस्कार योजना

## हिंदी में कथा उपन्यास और काव्य पर पुस्तकें लिखने के लिए प्रेमचंद एवं मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार योजना (वर्ष 2012)

इस योजना के अंतर्गत रेल कर्मचारियों की साहित्यिक प्रतिभा और अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय की हिंदी में कथा-संग्रह / उपन्यास और काव्य पुस्तक लेखन पर क्रमश: प्रेमचंद और मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार योजनाएं लागू हैं। इन दोनों योजनाओं में सभी अधिकारी / कर्मचारी भाग ले सकते हैं। इन दोनों योजनाओं के अंतर्गत निम्नलिखित पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान करने की व्यवस्था की गई है :-

| *विधा* | *पुरस्कार का नाम* | *पुरस्कारों का विवरण* | *पुरस्कार की राशि* |
|---|---|---|---|
| कथा / कहानी संग्रह एवं उपन्यास | प्रेमचंद पुरस्कार | प्रथम पुरस्कार (एक)<br>द्वितीय पुरस्कार (एक)<br>तृतीय पुरस्कार (एक) | 15,000/- रुपए<br>7,000/- रुपए<br>3300/- रुपए |
| काव्य / गजल संग्रह | मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार | प्रथम पुरस्कार (एक)<br>द्वितीय पुरस्कार (एक)<br>तृतीय पुरस्कार (एक) | 15,000/- रुपए<br>7,000/- रुपए<br>3300/- रुपए |

पुरस्कार योजना का मार्गदर्शी सिद्धांत इस प्रकार है :-

1. इस योजना के अंतर्गत केवल रेलकर्मी कवि या लेखक ही भाग लेने के लिए पात्र होंगे।

2. पुरस्कार वर्ष से पहले तीन वर्ष के दौरान पहली बार प्रकाशित / टंकित रचनाएं ही पुरस्कार हेतु स्वीकार की जाएंगी।

3. पुस्तकें लेखक की पूर्णत: मौलिक कृति तथा पूर्व अपुरस्कृत हों। किसी अन्य भाषा से ली गई अनुदित अथवा सम्पादित पुस्तकों पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. इस योजना के अंतर्गत एक लेखक / कवि को लगातार दो वर्ष तक पुरस्कृत नहीं किया जाएगा।

5. पुस्तक अधिमानत: न्यूनतम लगभग 100 पृष्ठों की हो।

6. प्रत्येक प्रविष्टि के साथ लेखक / कवि द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में प्रमाणपत्र भिजवाया जाए।

**प्रोफार्मा-1**

# हिंदी में कथा, उपन्यास और काव्य लेखन पर प्रेमचंद एवं मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार योजना

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | लेखक / कवि का नाम | : | |
| 2. | पदनाम | : | |
| 3. | कार्यालय का पूरा पता | : | |
| 4. | पुस्तक का नाम | : | |
| 5. | प्रकाशक का नाम व पता | : | (यदि कोई हो) |
| 6. | पुस्तक लिखने का कार्य पूरा करने की तारीख (माह - वर्ष) | : | |
| 7. | प्रकाशन कार्य (माह-वर्ष लिखें) | : | |
| 8. | पृष्ठों की संख्या | : | |

मैं एतदद्वारा प्रमाणित करता हूँ कि पुस्तक मेरी मौलिक रचना है और इसे किसी अन्य पुरस्कार योजना के अंतर्गत या उपयुक्त योजना के अंतर्गत पहले कभी पुरस्कृत नहीं किया गया है तथा उक्त पुस्तक पुरस्कार वर्ष से तीन वर्ष के दौरान पहली बार प्रकाशित की गई है।

दिनांक: लेखक / कवि के हस्ताक्षर

**प्रोफार्मा-2**

## घोषणा पत्र

- मैंने पुरस्कार योजना के नियमों को पढ़ लिया है और मैं उनसे पूरी तरह सहमत हूँ।
- मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि यह पुस्तक मूलत: मैंने लिखी है और यह किसी दूसरे के कॉपीराइट अधिकार का उल्लंघन नहीं करती है।
- मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि प्रपत्र में दिए गए विवरण बिल्कुल सही हैं।

हस्ताक्षर : पूरा नाम एवं पूरा पता :

# हमारे गौरव

रेलवे बोर्ड
राजभाषा पुरस्कार
से सम्मानित



**श्री डी.के.कांबले**
मुख्य बुकिंग एवं पार्सल
पर्यवेक्षक
मुर्तिजापुर

महाप्रबंधक
राजभाषा पुरस्कार
से सम्मानित



**श्री हरि राम**
वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी
भुसावल

महाप्रबंधक
राजभाषा पुरस्कार
से सम्मानित



**श्री एस.एम.थोरात**
सीनियर सेक्शन इंजीनियर
(सतथामा)
चालीसगांव

महाप्रबंधक
राजभाषा पुरस्कार
से सम्मानित



**श्री ए.पी.चौधरी**
कार्यालय अधीक्षक
वाणिज्य शाखा
भुसावल मंडल

महाप्रबंधक
राजभाषा पुरस्कार
से सम्मानित



**श्री मुश्ताक अहमद**
कार्यालय अधीक्षक
स्टेशन प्रबंधक कार्यालय,
अकोला

महाप्रबंधक
राजभाषा पुरस्कार
से सम्मानित



**श्री एम.के.श्रीवास्तव**
स्टेशन प्रबंधक
भुसावल

---

**हिंदी हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति का स्रोत है। – सुमित्रानंदन पंत**

**राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है। - महात्मा गांधी**

## संरक्षक

**महेश कुमार गुप्ता**
**मंडल रेल प्रबंधक**

## मार्गदर्शन

**प्रदीप बारापात्रे**
**अपर मंडल रेल प्रबंधक**
**एवं**
**अपर मुराधि**

## संपादन

**राम प्रसाद शुक्ल**
**राजभाषा अधिकारी**

## तकनीकी सहयोग

**सामान्य प्रशासन**
**सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियरी**

# संपादकीय,

त्रैमासिक सूचना-पत्र **ताप्ती** का तृतीय अंक आपको समर्पित है। यह सूचना-पत्र धीर-धीरे लोकप्रिय हो रहा है। इस सूचना-पत्र में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में किए गए कार्यों के अलावा मंडल के विभागों द्वारा किए गए अन्य अभिनव एवं उल्लेखनीय कार्यों तथा पुरस्कार योजना की जानकारी भी दी गई है। मंडल के सभी शाखा अधिकारियों और स्टेशन / डिपो प्रभारियों से अनुरोध है कि वे अपने विभाग / स्टेशन / डिपो में किए जा रहे कार्यों / गतिविधियों की जानकारी हमें उपलब्ध कराते रहें ताकि आगामी अंक में उसे प्रकाशित कर सकें।

**राम प्रसाद शुक्ल**
**राजभाषा अधिकारी**
**एवं संपादक**

---

संपर्क सूत्र : 011-55010 / 55015 (रेलवे), 02582 – 223827 (भासंनिलि)

(मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, राजभाषा विभाग, मध्य रेल, भुसावल द्वारा केवल सरकारी उपयोग हेतु प्रकाशित)